


**SPIRIT OF INDIAN CONSTITUTION IS TO TREAT ALL CITIZENS EQUALLY, PROVIDE THEM WITH EQUAL OPPORTUNITIES, AND INTEGRATE MARGINALIZED AND BACKWARD SECTIONS OF SOCIETY INTO 'MAINSTREAM OF PROGRESS AND DEVELOPMENT': LOK SABHA SPEAKER/भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समान मानने, उन्हें समान अवसर प्रदान करने तथा वंचित और पिछड़े वर्गों के लोगों को प्रगति की मुख्य धारा से जोड़ने की भावना प्रधान है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**IN RECENT YEARS, PARLIAMENT OF INDIA HAS PASSED SEVERAL LEGISLATIONS THAT PROMOTE SOCIAL JUSTICE AND SECURITY AND ENCOURAGE INCLUSION OF ALL SECTIONS OF SOCIETY: LOK SABHA SPEAKER/भारत की संसद ने हाल के वर्षों में ऐसे अनेक विधेयक पारित किए हैं, जो सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा तथा सभी वर्गों के समावेशन को बढ़ावा देते हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**BILLS LIKE 'RIGHTS OF PERSONS WITH DISABILITIES ACT-2016', 'TRANSGENDER PERSONS (PROTECTION OF RIGHTS) ACT, 2019', AND 'NARI SHAKTI VANDAN ADHINIYAM-2023' SAFEGUARD INTERESTS OF ALL SECTIONS OF SOCIETY: LOK SABHA SPEAKER/दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम -2016', 'उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे कानून समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**INDIA HAS ESTABLISHED PRIMACY OF JUSTICE BY REPLACING 'INDIAN PENAL CODE' WITH THE 'BHARATIYA NYAY SANHITA': LOK SABHA SPEAKER/भारत ने 'भारतीय दंड संहिता' को 'भारतीय न्याय संहिता' से प्रतिस्थापित कर न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**LOK SABHA SPEAKER DELIVERS KEYNOTE ADDRESS AT 150th ASSEMBLY OF INTER PARLIAMENTARY UNION (IPU) IN TASHKENT/लोक सभा अध्यक्ष ने ताशकंद में अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में मुख्य भाषण दिया**

…

**LOK SABHA SPEAKER CONVEYS WISHES ON THE OCCASION OF RAM NAVAMI TO DELEGATES AT IPU ASSEMBLY/लोक सभा अध्यक्ष ने IPU असेंबली में भाग ले रहे प्रतिभागियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं।**

…

**New Delhi/Tashkent, 6 April 2025:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today highlighted the inclusive and welfarist nature of Constitution of India, mentioning that "the spirit of the Indian Constitution is to treat all citizens equally, provide them with equal opportunities, and integrate the marginalized and backward sections of society into the 'mainstream of progress."

https://x.com/ombirlakota/status/1908841388021592302

Delivering the Keynote Address on "Parliamentary Action for Social Development and Justice" at the historic 150th Assembly of Inter-Parliamentary Union (IPU) at Tashkent, Uzbekistan, Shri Birla observed that "In recent years, the Indian Parliament has passed several legislations that promote social justice and security and encourage the inclusion of all sections of society." Referring to the Parliament's perennial concern for safeguarding the interests of the vulnerable segments of society, he added that "Bills like the 'Rights of Persons with Disabilities Act-2016', the 'Transgender Persons (Protection of Rights) Act, 2019', and the 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam-2023' safeguard the interests of all sections of society." in this context, he also referred to new Labor laws and codes passed by Parliament for the welfare and social security of workers in the unorganized sector. He conveyed greetings to the delegates on the occasion of Ram Navami.

Stressing that Indian Parliament has taken several measures prioritising justice and rule of law, Shri Birla mentioned that "By replacing the 'Indian Penal Code' with the 'Bharatiya Nyay Sanhita', India has established the primacy of justice". Referring to functioning of Parliamentary Committees in achieving the goals of development and social justice, Shri Birla noted that the various Parliamentary Committees, often referred to as Mini Parliaments, perform a complimentary function to the efforts of Parliament and the government. He highlighted that the Committees on Social Justice and Empowerment; Committee on Women Empowerment; Committee on Labour and Skill Development, and other diverse committees monitor welfare programmes leading to implementation of schemes with effectiveness and accountability.

Shri Birla stressed that Government of India works with a mission to achieve targets set for key human development indicators. In this regard, he specifically mentioned that “Under the world’s largest health insurance scheme, Ayushman Bharat Pradhan Mantri - Jan Arogya Yojana (PM-JAY), free health insurance is being provided to the bottom 40% of India’s population”.

Praising the strong and visionary leadership of Prime Minister, Shri Narendra Modi, Shri Birla said “Under Prime Minister Shri Modi’s leadership, India has achieved the distinction of being the world's fastest-growing major economy with a 105% GDP growth over the past decade and is rapidly progressing towards its goal of Viksit Bharat in 2047.” Noting that India is the fifth-largest economy in the world and is on its way toward becoming the third-largest economy, Shri Birla said that India is playing a leading role in the world in fields like Innovation, AI, Startups, Space and Defense Technology, IT, Fintech, Pharma, and others.

He hoped that the discussions at the IPU Assembly would provide all delegations with new perspectives and will allow Parliaments around the world to be able to take concrete steps toward building a just, inclusive, and prosperous society.

Speaking on the role of IPU in the present world order, Shri Birla mentioned that the IPU continues to add new dimensions to global parliamentary cooperation. He underlined that the theme chosen for the 150th IPU Assembly reflects the expansion of the spirit of 'Vasudhaiva Kutumbakam,' which is deeply rooted in Indian culture, tradition, and philosophy.

INDIA AND VIETNAM ARE PROGRESSING TOWARD SUSTAINABLE DEVELOPMENT, DRIVEN BY THEIR RESPECTIVE VISIONS AND SHARED GOALS OF DEVELOPMENT

On the sidelines of the 150th IPU Summit, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla met HE. Mr. Tran Thanh Man, President, the National Assembly of Vietnam. Speaking on the occasion, Shri Birla fondly recalled his visit to Vietnam in April 2022, marking the 50th anniversary of diplomatic relations between India and Vietnam. He also emphasized the close cultural and historical ties between the two countries, which have strengthened through high-level discussions in recent years. Shri Birla expressed satisfaction that both countries are progressing toward sustainable development, driven by their respective visions for 2047 (India) and 2045 (Vietnam).

Shri Birla emphasized that cooperation in various sectors such as defense, technology, infrastructure, and nuclear energy has helped shape their future frameworks. Shri Birla noted that both countries' parliamentary institutions play a key role in meeting people's expectations and promoting public welfare, with India utilizing emerging technologies to enhance parliamentary processes and citizen participation. He also informed that the "Digital Parliament" initiative in India has improved efficiency, transparency, and productivity in parliamentary operations. He also highlighted the significant number of Vietnamese students benefiting from educational and training scholarships in India.

President of the National Assembly of Vietnam extended best wishes on Ram Navami. He also emphasized the cultural ties between the two countries. The President also underlined the need for strengthening the close defence and technology ties between India and Vietnam. He extended an invitation to Shri Birla to visit Vietnam. Formation of friendship group between India and Vietnam were also discussed.

**नई दिल्ली/ताशकंद, 6 अप्रैल 2025:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज भारत के संविधान के समावेशी और कल्याणकारी स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि " भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समान मानने, उन्हें समान अवसर प्रदान करने तथा वंचित और पिछड़े वर्गों के लोगों को प्रगति की मुख्य धारा से जोड़ने की भावना प्रधान है।"

https://x.com/ombirlakota/status/1908841388021592302

ताशकंद, उज्बेकिस्तान में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की ऐतिहासिक 150वीं सभा में "सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय प्रयास "विषय पर मुख्य भाषण देते हुए, श्री बिरला ने कहा कि "भारत की संसद ने हाल के वर्षों में ऐसे अनेक विधेयक पारित किए हैं, जो सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा तथा सभी वर्गों के समावेशन को बढ़ावा देते हैं ।" समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि " दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016', उभयलिंगी व्यक्ति ( अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019' और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे कानून समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।" इस संदर्भ में उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसद द्वारा पारित नए श्रम कानूनों और संहिताओं का उल्लेख भी किया। उन्होंने IPU असेंबली में भाग ले रहे प्रतिभागियों को रामनवमी की शुभकामनाएं भी दीं।

इस बात पर जोर देते हुए कि भारत की संसद ने न्याय और विधि के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई उपाय किए हैं, श्री बिरला ने कहा कि "भारतीय दंड संहिता' को 'भारतीय न्याय संहिता' से प्रतिस्थापित कर भारत ने न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया है"। विकास और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में संसदीय समितियों के प्रयासों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विभिन्न संसदीय समितियां, जिन्हें हम मिनी संसद भी कहते हैं, संसद व सरकार के प्रयासों के पूरक के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी समिति; महिला अधिकारिता संबंधी समिति; श्रम और कौशल विकास संबंधी समिति तथा अन्य विविध समितियां कल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी करती हैं, जिससे योजनाओं का कार्यान्वयन प्रभावी तथा जवाबदेह ढंग से हो।

श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार मानव विकास के प्रमुख संकेतकों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी लगन के साथ काम कर रही है। इस संबंध में उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि "विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत आर्थिक रूप से पिछड़ी भारत की 40% आबादी को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी जा रही है।"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए श्री बिरला ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में 105% जीडीपी वृद्धि के साथ भारत पिछले एक दशक में विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था रहा है तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।" श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत नवाचार, एआई, स्टार्टअप, अंतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकी, आईटी, फिनटेक, फार्मा और अन्य क्षेत्रों में दुनिया में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि आईपीयू असेंबली में होने वाली चर्चा से सभी प्रतिनिधियों को नई दृष्टि मिलेगी तथा पूरी दुनिया की संसदों को न्यायसंगत, समावेशी और समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने में मदद मिलेगी।

वर्तमान विश्व व्यवस्था में आईपीयू की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आईपीयू वैश्विक संसदीय सहयोग में नए आयाम जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 150वीं आईपीयू असेंबली के लिए चुना गया विषय भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन-दर्शन में बसी 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का ही विस्तार है।

भारत और वियतनाम अपनी विज़न और विकास के साझा लक्ष्यों के बल पर सतत विकास की ओर अग्रसर हैं।

150वें आईपीयू शिखर सम्मेलन के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने वियतनाम की नेशनल असेंबली के प्रेसिडेंट महामहिम श्री ट्रैन थैन मैन से मुलाकात की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर अप्रैल 2022 में अपनी वियतनाम यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में उच्च स्तरीय चर्चाओं के माध्यम से दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए हैं। श्री बिरला ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि दोनों देश 2047 (भारत)

और 2045 (वियतनाम) के लिए अपने-अपने विज़न के बल पर सतत विकास की ओर अग्रसर हैं।

श्री बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और परमाणु ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देशों को भविष्य की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिली है। इस बात का उल्लेख करते हुए कि दोनों देशों की संसदीय संस्थाएं लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने और जन कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, श्री बिरला ने कहा कि भारत संसदीय कार्य प्रणाली को सहज और सरल बनाने और नागरिकों की भागीदारी को निरंतर बढ़ाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में "डिजिटल संसद" पहल से संसदीय कार्यप्रणाली को तेज और कुशल बनाने, पारदर्शिता लाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिली है। उन्होंने भारत में बड़ी संख्या में शैक्षिक और प्रशिक्षण छात्रवृत्ति से लाभान्वित हो रहे वियतनाम के छात्रों के बारे में भी बात की।

उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख किया। प्रेसिडेंट महोदय ने भारत और वियतनाम के बीच रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्री बिरला को वियतनाम आने का निमंत्रण दिया। भारत और वियतनाम के मैत्री समूह के गठन पर भी चर्चा हुई।